# नववर्ष के पहले दिन चला पूजा, भक्ति और मौज-मस्ती का दौर

## शहर के मंदिर और पिकनिक स्पॉट रहे फुल, बच्चों ने की मस्ती



**जबलपुर, 01 जनवरी. नए साल के पहले दिन शहर में अलग-अलग अंदाज में उत्सव देखने को मिला। कोई सुबह-सुबह मंदिर जाकर भगवान का दर्शन कर रहा था, तो कोई परिवार के साथ पिकनिक पर दिन भर मस्ती करता रहा।**

शहर के प्रमुख पिकनिक स्पॉट और मंदिरों में भारी भीड़ नजर आई, जहां लोगों ने नए साल के स्वागत का पूरा आनंद लिया। जबलपुर के प्रमुख मंदिरों जैसे कचनार सिटी, बंगलामुखी मंदिर, शारदा मंदिर बरेला, शारदा मंदिर मदनमहल, बड़ी खेरमाई और गुप्तेश्वर में दर्शन करने वालों की भीड़ रही। सुबह-सुबह लोग घर में भगवान का पूजन करने के बाद मंदिरों की ओर रवाना हुए। कई परिवारों ने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और फिर मंदिरों में दर्शन कर नए साल की शुरुआत की। नए साल की मस्ती का असली आनंद पिकनिक स्पॉट पर देखने को मिला।

शहर के गार्डन, मॉल, मूवी और गेम जोन के साथ-साथ भेड़ाघाट, धुआंधार, बरगी डैम, डुमना नेचर पार्क, घुघरा वॉटरफॉल, निदान वॉटरफॉल और रानी दुर्गावती के किले पर लोग दिन भर घूमते और मस्ती करते नजर आए।

### उप मुख्यमंत्री ने मां शारदा के किए दर्शन




**सतना01 जनवरी.** नववर्ष के उपलक्ष्य में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मैहर पहुंचे, जहां उन्होंने मां शारदा देवी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### पर्यटन स्थलों पर रौनक, सैलानी उमड़े

नववर्ष के अवसर पर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी भारी भीड़ देखने को मिली। माड़ा गुफा सहित पार्कों और मनोरंजन स्थलों पर पर्यटकों का तांता लगा रहा। युवाओं और परिवारों ने पिकनिक, घूमने और यादगार पलों को कैमरे में कैद कर नए साल का जश्न मनाया। माड़ा गुफा में प्राकृतिक सौंदर्य देखने दूर-दराज से लोग पहुंचे। नववर्ष के मद्देनजर प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर पुलिस बल की तैनात थी।

### एक नजर में

#### 98 हजार से अधिक की चायना डोर जब्त

**मक्सी.** प्रतिबंधित चायना डोर से युवक के घायल होने की खबर नवभारत में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई. मक्सी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चायना डोर के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल 123 नग चाइना डोर जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 98 हजार 200 रुपए बताई जा रही है. जिला दंडाधिकारी शाजापुर द्वारा पूर्व में जारी आदेश के तहत चायना डोर अपने पास रखना, विक्रय करना एवं उपयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित है. इसके बावजूद अवैध रूप से चायना डोर का भंडारण और बिक्री की जा रही थी, जिस पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की. पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देश पर कार्रवाई हुई.

#### हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

**धार .** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अखिल भारतीय केंद्रीय कार्यक्रम के तहत आगामी 4 जनवरी को आयोजित होने वाले 14 बस्तियों के हिंदू सम्मेलन के निमित्त स्थानीय सुभाष बस्ती में ओंकार नगर स्थित सम्मेलन स्थल लक्ष्मी गार्डन में भूमिपूजन और कार्यालय का शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ द्य इस अवसर पर सम्मेलन समिति के संयोजक जगदीश जोशी ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में सहभागी बने हैं, देश की सामाजिक एकता हेतु आयोजित हिंदू सम्मेलन और समरसता भोज अपनी बस्ती का ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा.

### रिश्वतखोर पुलिस आरक्षक को हाईकोर्ट ने भेजा जेल

**जबलपुर।** रिश्वत के आरोप में ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गयी सजा को हाईकोर्ट ने उचित ठहराते हुए पुलिस आरक्षक की अपील खारिज कर दी। हाईकोर्ट जस्टिस राजेन्द्र कुमार वाणी ने अपीलकर्ता का बेल बॉन्ड निरस्त करते हुए उसे जेल भेजने के आदेश जारी किये है। अपीलकर्ता विवेक साहू की तरफ से दायर की गयी याचिका में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत ट्रायल कोर्ट द्वारा चार साल की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। वह शाहपुरा थाने में पुलिस आरक्षक के पद पर पदस्थ था। अपील में कहा गया था कि अभियोजन के अनुसार शिकायतकर्ता देवी सिंह के खिलाफ न्यायालय ने चेक बाउंस के मामले में गैर जमानती वारंट जारी किये था।

## कंजर गिरोह का ग्रामीणों ने किया विरोध

नवभारत न्यूज़

**जावरा01 जनवरी. जावरा और पिपलोदा क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरियों से परेशान ग्रामीणों ने करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर के नेतृत्व में एकजुट होकर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।**

बुधवार शाम को ग्राम रोला में आयोजित बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों ने करणी सेना परिवार प्रमुख शेरपुर को अपनी व्यथा सुनाई। बैठक में रोला के अलावा सुजानपुरा, नेतवाली, गोंदीधर्मशी, मोरिया, रणायरा गुर्जर, रीछा गुर्जर, रिंगनोद सहित आसपास के कई गांवों के सेंकड़ों किसान और ग्रामीण शामिल हुए। कंजरो से प्रभावित लोगों ने बताया कि राजस्थान के चोमला, पाटन और



टोकड़ा क्षेत्रों में बसे कुछ कंजर डेरों से आने वाले गिरोह द्वारा विद्युत मोटर, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, गाय-भैंस जैसी कीमती चीजें चोरी की जा रही हैं। चोरी के बाद दलालों के माध्यम से फिरौती वसूली की जा रही है। इसके अलावा चोरी नहीं करने की एवज में किसानों से अनाज और नकद राशि की मांग की जाती है। हफ्ता नहीं देने पर मारपीट और सामान चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थानों में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। एक किसान ने बताया कि अपनी जीवनभर की जमा पूंजी से खरीदा वाहन चोरी हो गया, लेकिन थाने में शिकायत पर पुलिस ने लापरवाही दिखाई और कहा, हम तेरी गाड़ी की रखवाली करेंगे क्या? जीवनसिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। जब भी आप मुसीबत में होंगे, मैं आपके साथ खड़ा हु। हम सब जानते हैं कि चोरियां कौन कर रहा है।



### 4 स्पेशल ट्रेनों के फेरे पुन: विस्तारित

**रतलाम, 01 जनवरी.** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से शीतकालीन अवधि के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष किराये पर संचालित 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे पुनः विस्तारित किए गए हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि द्व बांद्रा टर्मिनस - अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ः ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 26 जनवरी 2026 तक विस्तारित। ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल 25 जनवरी 2026 तक विस्तारित। 2. अजमेर - दौंड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09625 अजमेर-दौंड साप्ताहिक स्पेशल 29 जनवरी 2026 तक विस्तारित। ट्रेन संख्या 09626 दौंड-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 30 जनवरी 2026 तक विस्तारित किया।

## महापौर ने किया 'गौ रोटी बैंक' का शुभारंभ




**छिंदवाड़ा, 01 जनवरी. नववर्ष के प्रथम दिवस पर नगर निगम द्वारा एक सामाजिक पहल की शुरुआत की गई.**

महापौर विक्रम अहके ने %गौ रोटी बैंक' का शुभारंभ कर शहरवासियों को गौ सेवा का एक नया माध्यम प्रदान किया है। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने बताया कि नगर निगम का एक विशेष वाहन नियमित रूप से शहर की विभिन्न सड़कों और कॉलोनियों में भ्रमण करेगा। शहरी क्षेत्रों में विचरण कर रहे गौवंश को भोजन उपलब्ध कराना और प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित करना है। महापौर ने बताया कि गौ रोटी बैंक वाहन नागरिकों द्वारा दान की गई रोटियों को एकत्रित करेगा, सड़कों पर खुले में विचरण कर रहे गौवंश को तत्काल रोटियां खिलाएगा, एकत्रित रोटियों को व्यवस्थित रूप से गोशालाओं तक पहुंचाएगा, आवश्यकता पड़ने पर निराश्रित गायों को सुरक्षित रूप से गोशालाओं में शिफ्ट करेगा.

### संस्कृति और सेवा का संगम

इस अवसर पर महापौर विक्रम अहके ने कहा, हमारी सनातन संस्कृति में भोजन की पहली रोटी गाय को देने की परंपरा रही है। व्यस्त जीवनशैली के कारण लोग अक्सर ऐसा नहीं कर पाते। यह गौ रोटी बैंक हमारी उसी प्राचीन परंपरा को आधुनिक स्वरूप में साकार करने का एक प्रयास है। महापौर ने कहा कि बची हुई रोटियों को फेंकने के बजाय इस वाहन को प्रदान करें।

### 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे पुन: विस्तारित

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से शीतकालीन अवधि के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष किराये पर संचालित 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे पुन: विस्तारित किए गए हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि द्व बांद्रा टर्मिनस - अजमेर साप्ताहिक स्पेशल : ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 26 जनवरी 2026 तक विस्तारित। ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल 25 जनवरी 2026 तक विस्तारित। 2. अजमेर - दौंड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09625 अजमेर-दौंड साप्ताहिक स्पेशल 29 जनवरी 2026 तक विस्तारित।

## नए साल के अवसर पर पुलिस ने बांटा दूध

### शराब के बजाय दूध से शुरुआत करने का दिया संदेश

**ग्वालियर. नये साल के मौके पर इंदरगंज चौराहा पर पुलिस ने नशे के खिलाफ एक अनोखी पहल की। एसोसियेशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी और यातायात पुलिस ने इंदरगंज चौराहे पर शराब के बजाय दूध पीने के लिये जागरूक किया।**

नये वर्ष के पहले दिन यह विशेष अभियान शुरू हुआ। चौराहे पर एक बड़ा पंडाल लगाया गया। जहां करीब 2 क्विंटल केसर युक्त गर्म दूध मंगवाकर नि:शुल्क वितरित किया गया. पंडाल के बाहर बड़े-बड़े बैनर लगाये गये थे। जिन पर दारू से नहीं दूध से करें नये वर्ष की शुरूआत का संदेश लिखा था। साउंड सिस्टम के माध्यम से



यह संदेश लगातार प्रसारित किया जा रहा था। एएसपी अनु बेनीवाल ने भी लोगों को दूध पीने के लिये आह्वान किया. इस सकारात्मक संदेश का लोगों पर गहरा असर हुआ। जैसे जैसे अभियान की जानकारी फैली। दूध पीने के लिये लोगों की लम्बी कतारें लग गयी।

## नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

नवभारत न्यूज

**बुरहानपुर। जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर के जिला कांग्रेस कार्यालय में आज संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष भाई हेमन्त पाटिल एवं सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त युवा नेता एडवोकेट हेमन्त यादव सोनवणे का जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक द्वारा पुष्पहार पहनाकर एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक ने दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में पंचायती राज संगठन और सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया किया कि हेमन्त पाटिल और एडवोकेट हेमन्त यादव सोनवणे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को गांव.गांव और जन.जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर रिंकू टॉक ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ,सह.प्रभारी श्रीमती ऊषा नायडू, जिला प्रभारी पूर्व विधायक ग्यारसी लाल रावत ,सुश्री मोना कौरव एवं पुनीत टंडन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है।

स्वागत सम्मान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हमीद काज़ी,ठाकुर सुरेंद्र सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष अजय रघुवंशी, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव, सलीम कोटनवाला, मुन्ना यादव, अकील औलिया, संजय चौकसे, श्रीमती हर्षराज देवड़ा, योजना देवड़ा, मीनाक्षी महाजन, सरिता भगत, वाजिद इकबाल, फ़हीम हाशमी, आसिफ खान, असगर चौधरी, शेख आरिफ , आशीष भगत, असलम खान, अरुण महाराज, हमीद डाइमंड सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारीयो ने दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पेड़ से टकराई कार पति-पत्नी की मौत

**तेंदूखेड़ा/दमोह.** जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम जबलपुर सागर रोड पर एक कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई. जिसमें पति-पत्नी की मौत हो गई और तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. कार के परखच्चे उड़ गए हैं पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है. घटना तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत झलोन मार्ग की है. जबलपुर से दो कार एक साथ आगे पीछे चल रही थी. अचानक आगे की कार का संतुलन बिगड़ गया और अनियंत्रित होकर सड़क के बाजू में लगे पेड़ से टकरा गई. जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये.

## कांग्रेसियों ने लगाया फर्जी मतदान करने का आरोप

### मतदान स्थल के बाहर कांग्रेसियों एवं भाजपाइयों के बीच हुई झूमाझपटी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली,1 जनवरी. नगर निगम के वार्ड क्रमांक 34 में आज दिन गुरूवार को पार्षद पद के लिए उप चुनाव हो रहा था। इसी दौरान दो युवको को पकड़ लिया था। हालांकि मतदान नही कर पाये थे। इसी बीच एजेंटो ने उसे पकड़ लिया।**

जहां भाजपा एवं कांग्रेसियों के बीच झुमाझपटी हुई। पुलिस ने फर्जी बोटर को विंध्यनगर थाने ले गई। दरअसल आज दिन गुरूवार को एनटीपीसी परिसर वार्ड क्रमांक 34 में पार्षद पद के लिए उप चुनाव हुआ। इस चुनाव में भाजपा, कांग्रेस एवं बसपा के प्रत्याशी मैदान में है। सुबह मतदान



शुरू हुआ। कुछ देर बाद डीपीएस विद्यालय में बने मतदान केन्द्र क्रमांक 172 एवं 173 में दो युवक वोटिंग करने जा रहे थे, तभी कांग्रेस के एजेंटो ने युवक को पहचान लिया और इसी बात को लेकर कांग्रेसी हंगामा करने लगे। मामला इतना गरमाया कि भाजपा एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प शुरू हो गई। अंततः पुलिस के दखल से मामला शांत हुआ। हालांकि वोट नही डाल पाये थे।

### राजेश के नाम पर अभिषेक ने डाला वोट

वार्ड क्रमांक 34 के मतदान क्रमांक 171 एवं 172 में भी फर्जी मतदान किये जाने के आरोप भी लगते रहे। राजेश कुमार ने कहा कि मैं मतदान नही किया, फिर भी मेरे नाम का वोट पड़ गया। राजेश ने बताया कि जब पीठासीन अधिकारी से बात किया तो, वे बताया कि अभिषेक कुमार ने वोट डाल कर चला गया है। किस आधार पर मत डाला इसका जवाब पीठासीन अधिकारी नही दे पाये।

आयोजन — महाराज बाड़ा पर सिंधिया का जन्मदिन धूमधाम से मना

## जन्मदिवस पर 201 किलो लड्डुओं का वितरण



**ग्वालियर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन महाराज बाड़ा पर पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, जय प्रकाश राजोरिया, विवेक शेजवलकर, वीरेन्द्र गंगवाल, मनोज तोमर ने केक काट कर मनाया।**

जन्म दिवस के अवसर पर 201 किलो लड्डू महाराज बाड़े पर वितरण किये गए। पुलिस बैंड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। आतिशबाजी की गई । इसके पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर कुटे व साथियों ने शीतला माता मंदिर तक पैदल यात्रा कर सिंधिया के दीर्घायु व स्वास्थ्य की कामना की। नितिन शिवहरे ने मरीजों को भोजन वितरण किया।

इस अवसर पर रामवरण सिंह गुर्जर, विजय गर्ग, केशव पांडे, गुड्डू वारसी, कमल माखीजानी, बाल खांडे, अशोक शर्मा, किशन मुदगल, हरिशंकर पचौरी, रामनारायण मिश्रा, दीपक शर्मा, सुरेंद्र शर्मा सरपंच, सुधीर गुप्ता, संजय शांडिल्य, राजू पलैया, जयंत जपे, सुमन शर्मा, नीलिमा शिंदे, सुरेन्द्र परमार चच्चू, प्रशांत गंगवाल आनंद सावंत आदि मौजूद रहे .

## खूंखार तेंदुए का खौफ क्षेत्र में बरकरार

- धरातल पर नहीं है कोई इंतजाम
- स्थानीय अमला कर रहा है निगरानी

**शुजालपुर,1 जनवरी. वन्य विहिन क्षेत्र होने के कारण जिले में खुखार जानवरों का कभी कोई भय नहीं रहा, लेकिन पिछले तीन चार दिनों से तेंदुए का विचरण क्षेत्र में हो रहा है, जिसकी पुष्टि भी वन विभाग ने की है, लेकिन वन अमला इस वन्य जीव की निगरानी ही कर सकता है, वह भी ग्रामीणों व नागरिकों की सूचना के आधार पर.**

क्षेत्र में इस तरह के जीव नहीं होने के कारण विभाग में संसाधनों का भी अभाव है. ऐसे में बिना संसाधन और वन्य जीवों का पकडने का प्रशिक्षण के आभाव में क्षेत्रीय वन अमला कुछ भी कार्यवाही नहीं कर पा रहा है.



मिली जानकारी अनुसार शाजापुर जिले में सबसे पहले तेंदुए की दस्तक सीहोर जिले से सटे हुए ढाबलाधीर में होने की सूचना आई, जहां के संबंध में बताया गया कि यह अव्यस्क तेंदुआ है, इसके बाद शुजालपुर से लगभग 7 किलोमीटर दूर बामनघाट के समीप रिछोदा गांव की सीमा में तेंदुआ घुमते हुए देखा गया और उसका वीडियों भी सामने आया. वहीं जिले के बिरगोद गांव में भी तेंदुए की मूवमेंट की खबर आई और जिसकी भी पुष्टि वन विभाग ने करते हुए यहां पर पिंजरा लगाया गया.